Seat No. : _______________

# OA-109

**October-2018**

## M.A., Sem.-IV (Repeater)

## 507 : Hindi
## (Hindi Bhasha Prashikshan Avam Kosh Vigyan)

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (अ) भाषा परक पाठ संरचना की प्रक्रिया के सैद्धान्तिक स्वरूप को स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

भाषा पाठ संसाधन की दृष्टि से 'नौका विहार' काव्य का विश्लेषण कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक या दो वाक्य में लिखिए : **4**

(i) कमल क्रोड़ में ______ था अलि, कोक शोक से दीवाना ।
(मुक्त, मूर्छित, बन्दी, पुलकित)

(ii) चाँदनी रात का ______ प्रहर, हम चले नाव लेकर सत्वर ।
(प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पंचम्)

(iii) वाक्य के ______ अंग होते हैं ।
(तीन, चार, पाँच, दो)

(iv) प्रोक्ति किसे कहते हैं ?

(v) रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं ?

(vi) 'नौका विहार' काव्य में तापस बाला किसे कहा गया है ?

2. (अ) व्यतिरेकी भाषा प्रशिक्षण की उपयोगिता को विस्तारपूर्वक समझाइए । **14**

अथवा

हिन्दी और गुजराती की लिंग व्यवस्था के अंतर को स्पष्ट करते हुए गुजराती की लिंग व्यवस्था पर प्रकाश डालिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक या दो वाक्य में लिखिए । **4**

(i) हिन्दी में कारक _____ प्रकार के माने गये हैं ।
(पाँच, आठ, चार, तीन)

(ii) में, पर _____ की विभक्ति है ।
(कर्ताकारक, सम्बोधनकारक, कर्मकारक, अधिकरण कारक)

(iii) अपादान कारक का चिह्न है _____ ।
(से, ने, को, का की के)

(iv) 'व्यतिरेकी' का अर्थ बतलाइए ।

(v) कारक किसे कहते हैं ?

(vi) गुजराती में कितनी विभक्तियाँ हैं ?

3. (अ) रिपोर्ताज लेखन की परम्परा पर प्रकाश डालते हुए उसकी भाषा–शैली का उल्लेख कीजिए । **14**

**अथवा**

शहर में हुए सांप्रदायिक दंगे पर रिपोर्ताज लिखिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक या दो वाक्य में लिखिए । **3**

(i) _____ के कलात्मक और साहित्यिक रूप को रिपोर्ताज कहते हैं ।
(कहानी, रिपोर्ट, संस्मरण, रेखाचित्र)

(ii) 'लक्ष्मीपुरा' रिपोर्ताज _____ ने लिखा है ।
(रांगेय राघव, शिवदान सिंह चौहान, अमृतराय, अज्ञेय)

(iii) रिपोर्ताज मूलत: किस भाषा का शब्द है ?

(iv) 'तूफानों के बीच' रिपोर्ताज के लेखक का नाम बतलाइए ।

(v) हिन्दी में रिपोर्ताज लेखन का प्रारम्भ किसने किया ?

4. (अ) हिन्दी कोश ग्रंथों का परिचय देते हुए कोश निर्माण में आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

विभिन्न प्रकार के कोश का उल्लेख करते हुए उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक या दो वाक्यों में लिखिए : **3**

(i) भारत में उपलब्ध पुरातन वैदिक शब्द कोश है _____ ।
(निघण्टु, अमरकोश, शब्दार्णव, निरूक्त)

(ii) हिन्दी शब्द सागर कोश का प्रकाशन _____ ने किया ।
(पुस्तक महल, वाणी प्रकाशन, काशी नागरी प्रचारिणी सभा, राजकमल प्रकाशन)

(iii) कोश और कोष में क्या अन्तर है ?

(iv) 'नाम लिंगानुशासन' कोश का निर्माण किसने किया ?

(v) कोश विज्ञान को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?

---